# महर्षिपाणिनिसंस्कृतएवं वैदिकविश्वविद्यालय

Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic Vishwavidyalaya

देवास मार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश- 456010

E-mail :- regpsvvmp@rediffmail.com, Website: - www.mpsvv.ac.in


क्र./मपासंवि/गोप./26/ 1518 A    उज्जैन दिनांक: 6 /02/2026

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र 2025-26 के स्नातक पाठ्यक्रमों शास्त्री/बी.ए./बी.ए.बीएड./बी.पी.ई.एस. प्रथम/द्वितीय/तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के नियमित/स्वाध्यायी/अंतिम अवसर पूरक विद्यार्थियों एवं डिप्लोमा (पत्रोपाधि) के परीक्षार्थियों से परीक्षाओं के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन भरवाये जाने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं -

1. बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अंतिम तिथि -

➢ **दिनांक 10 फरवरी 2026 से 05 मार्च 2026 तक।**

2. विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अंतिम तिथि–

➢ **दिनांक 06 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक।**

3. विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 1000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि –

➢ **दिनांक 16 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक।**

➢ विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 2000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि –

➢ **दिनांक 27 मार्च 2026 से परीक्षा आरम्भ होने के दो दिवस पूर्व तक।**

❖ **परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी अत्यावश्यक नियम एवं निर्देश :-**

1) परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करते समय यह सुनिश्चित कर ले कि उसके द्वारा जो प्रविष्टियाँ (नाम/माता-पिता का नाम/उपनाम/जन्मतिथि) आदि का विवरण भरा गया है वह उच्च माध्यमिक (हाईस्कूल 10वीं) के अंकपत्र एवं आधार कार्ड में प्रदत्त विवरण अनुसार है।

2) परीक्षार्थी, ऑनलाइन फार्म भरने के पश्चात् उसको प्रिंट करवायेगा तथा आवश्यक अभिलेख संलग्न कर उसकी स्व-सत्यापित प्रति महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करेगा। सम्बन्धित प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष द्वारा उक्त आवेदन-पत्र अग्रसारित कर विश्वविद्यालय की ओर निर्धारित तिथि तक प्रेषित करेंगे।

3) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में दिनांक 30/03/2026 तक अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

4) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से अर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं/स्थानान्तरण/प्रवजन प्रमाणपत्रों की मूल प्रति अनिवार्य रूप से जमा करवाएँ।

5) नियमित परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क ऑर्डिनेंस क्र. 12 संलनक 05 में विहित विविध मदों सहित देय होगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

6) स्वाध्यायी परीक्षार्थी को ऑर्डिनेंस क्र. 12 संलनक 09 में विहित विविध मदों सहित परीक्षा शुल्क देय होगा, जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

7) स्वाध्यायी छात्रों का अग्रेषण शुल्क (Forwarding Fee) रूपये 150/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहीत करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रूपये 75/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान वि.वि. को प्रेषित करेगा।

8) परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र शुल्क रूपये 150/-संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। जिसका उपयोग परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा।

9) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

10) परीक्षा केन्द्र में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात् अधिकतम पांच (07) दिवसों के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में प्राप्त हो जाने चाहिए।

11) समस्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण-पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेंगें।

12) परीक्षार्थी सुनिश्चित कर लेवें की परीक्षा आवेदन करने के पूर्व उनके अपार आईडी बना हुआ हो। अपार आईडी के बिना आवेदन जमा नहीं हो सकेगा।

**कुलसचिव**

क्र./मपासंवि/गोप./26/ 1518 B उज्जैन दिनांक: 6/02/2026

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1. समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, सम्बद्ध महाविद्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त सूचना से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विद्यार्थी कल्याण संकाय/विभागाध्यक्ष, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर प्रेषित।
3. माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
4. वित्त नियन्त्रक/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (वित्त) एवं अकादमिक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
5. प्रभारी, आई.टी. सेल, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्तअधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. समन्वयक, परीक्षा एवं गोपनीय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
7. श्री दीपक जैन, ई.वे.सो.प्रा.लि. आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**समन्वयक परीक्षा/गोपनीय**